सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-600
03/12/2017

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी के सुपुत्र उत्कर्ष के दहेज रहित विवाह समारोह में सम्मिलित होकर नवदम्पति को आशीर्वाद दिया

पटना : 03 दिसम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी के ज्येष्ठ सुपुत्र उत्कर्ष के विवाह समारोह में सम्मिलित होकर नवदम्पति को फूलों का गुलदस्ता भेंटकर उन्हें आशीर्वाद दिया और उनके सफल वैवाहिक जीवन की शुभकामनायें दी। पटना के वेटनरी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित शादी समारोह में सम्मिलित होने पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील मोदी ने मुख्यमंत्री को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी के बेटे उत्कर्ष और यामिनी के विवाह की खासियत यह रही कि इस विवाह में न तो दहेज लिया गया और न ही बैंड, बाजा, बारात देखने को मिला। पूरे तौर पर सादगी भरे समारोह में विवाह सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री की मौजूदगी में वेटनरी कॉलेज ग्राउंड के खुले मंच पर बने शादी मंडप में वर–वधु, उत्कर्ष और यामिनी की जयमाल विधि एवं विवाह विधि सम्पन्न हुई। विवाह समारोह सम्पन्न होने के बाद मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार सहित आगन्तुक अतिथियों ने नवदम्पति को अपना आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक, गोवा की राज्यपाल श्रीमती मृदुला सिन्हा, मेघालय के राज्यपाल श्री गंगा प्रसाद, हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर, झारखंड के मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास, उतराखंड के मुख्यमंत्री श्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, केन्द्रीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली, केन्द्रीय मंत्री श्री रविशंकर प्रसाद,केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री राधामोहन सिंह, केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री रामविलास पासवान, केन्द्रीय मंत्री श्री अनंत कुमार, केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान, केन्द्रीय मंत्री श्री रामकृपाल यादव, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य सहित राज्य सरकार के कई मंत्रीगण, विधायकगण, विधान पार्षदगण, बिहार सरकार के वरीय पदाधिकारीगण एवं काफी तादाद में अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

******